कार्यालय प्राचार्य , शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

डोंगरगांव, दिनांक : 01.08.2025

# // पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सूचना//

महाविद्यालय के समस्त (**ST, SC, OBC**) के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 हेतु **पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति नवीन एवं नवीनीकरण आनलाईन** प्रारंभ हो चुकी है, छात्र **http://postmatric-scholorship.cg.nic.in/** बेबसाईट पर जाकर छात्रवृत्ति आनलाईन कर सकते है, जिसकी **अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025** है।

अतः निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन पत्र की हार्डकापी कार्यालय में निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा नही करने की स्थिति में छात्र–छात्राऐं स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सत्र 2025–26 में PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर प्रविष्ट ही करना सुनिश्चित करें।**

**वर्ष 2025–26 से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रुप से OTR की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय की जानी है।**

**टीप :– जिन छात्र–छात्राओं ने अन्य छात्रवृत्ति (बी.पी.एल.छात्रवृत्ति/केन्द्रीय छात्रवृत्ति आदि) हेतु आवेदन किया है वह इस छात्रवृत्ति में आवेदन न करें।**

**संलग्न दस्तावेजों की सूची :–**

1 छात्रवृत्ति आवेदन फार्म। (फार्म में नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करे।)
2 आय प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (सक्षम अधिकारी द्वारा वर्तमान सत्र में जारी)
3 जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4 निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5 बैंक पास बुक की छायाप्रति। **(बैंक खाता आधार से सीडिंग होना अनिवार्य है।)**
6 आधार कार्ड की छायाप्रति।
7 10वी., 12वीं एवं पिछली उत्तीर्ण समस्त कक्षाओं की अंकसूची की छायाप्रति।
8 महाविद्यालय फीस रसीद की छायाप्रति।

**टीप – समस्त दस्तावेज इसी क्रम के अनुसार जमाकर संलग्न करेंगे।**

**छात्र/छात्राऍ छात्रवृत्ति आवेदन की एक प्रति एवं STUDENT ID / PASSWORD अपने पास संभालकर रखे बिना आईडी.पासवर्ड के जानकारी प्रदाय नही की जा सकेगी।**

**प.प्राचार्य**
शास. डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव

# कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव
## ( आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग )

फैक्स नं. 07744–225158, ई–मेल–actd.rajnandgaon@nic.in


क्रमांक /1339/ आजाक / आ.ला.पो.मै.छा. / 2025–26 राजनांदगांव, दिनांक 08/08/2025

प्रति,

अधिष्ठाता / प्राचार्य
शा.अशा. महाविघालय. / इंजीनियरिंग / मेडिकल कालेज / नर्सिंग
आई.टी.आई. / पालिटेक्निक / बी.एड.कालेज / उद्यानिकी / कृषि / वेटनरी / फॉर्मेसी
..........................................................जिला– राजनांदगांव

**विषयः–** वर्ष 2025–26 में अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति एंव अन्य पिछडा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वी सें उच्चतर) के आवेदन प्रस्ताव एंव स्वीकृति के संबंध में ।

**संदर्भः–** 1.कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के पत्र क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 215 / 2025–26 / 1741 नवा रायपुर, दिनांक 19 / 05 / 2025 ।
2.इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / 568 / आजाक / आ.ला.पो.मै.छा. / 25–26 दि.21.05.2025 ।
3. कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के पत्र क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 215 / 2025–26 / 2383 नवा रायपुर, दिनांक 06 / 06 / 2025 ।

––000––

**विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार जिलें में संचालित** शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, आई.टी.आई., पालिटेक्निक, कृषि, उद्यानिकी फॉर्मेसी आदि संस्थाओं में अध्ययनरत् **अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एंव अन्य पिछडा वर्ग**, के विद्यार्थियों हेतु नवीन एंव नवीनीकरण के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय–सीमा शासन द्वारा निर्धारित की गई है, जोकि निम्नानुसार हैः–

| आवेदन का प्रकार | विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति तिथि | स्वीकृति एंव डिसबर्स | | संभावित भुगतान तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | शासकीय | अशासकीय | |
| नवीनीकरण | 31 मई 2025 तक | 07 जून 2025 तक | 10 जून 2025 तक | 10 जून 2025 |
| | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सिंतबर 2025 तक | 10 सिंतबर 2025 तक | 10 सिंतबर 2025 |
| | 30 नवंबर 2025 तक | 15 दिसंबर 2025 तक | 20 दिसंबर 2025 तक | 31 दिसंबर 2025 |
| नवीन | 31 अगस्त 2025 तक | 07 सितंबर 2025 तक | 10 सितंबर 2025 तक | 10 सितंबर 2025 |
| | 30 सिंतबर 2025 तक | 7 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 तक | 10 अक्टूबर 2025 |
| | 30 नंवबर 2025 तक | 15 दिसम्बर 2025 तक | 20 दिसम्बर 2025 तक | 31 दिसम्बर 2025 |

**अतः आज दिनांक 06.08.2025 को पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार अनुसूचित जाति वर्ग के 19, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 35 एंव अन्य पिछडा वर्ग के 64 विद्यार्थियों के द्वारा इस प्रकार कुल 118 विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल में आवेदन किया गया है। जिसमें मात्र 09 विद्यार्थियों के ही आवेदनों को स्वीकृति की गई बाकि संस्था स्तर पर लंबित प्रदर्शित हो रहा है।**

अतः छात्रवृत्ति पोर्टल में आपके संस्था स्तर में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार सूक्ष्मता से परीक्षण कर पात्र विद्यार्थियों को स्वीकृत करते हुये, डिसबर्स हेतु स्वीकृति आदेश इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेगें तथा परीक्षण के दौरान जो अपात्र या त्रृटिपूर्ण आवेदनों वाले संबंधित विद्यार्थियों को सुधार हेतु टेम्प्ररी रिजेक्ट करते हुये सुधार कर पुनः आवेदन करने हेतु निर्देशित करेगें।

अतः उक्त पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल का प्रतिदिन निरन्तर अवलोकन आयुक्त महोदय द्वारा की जा रही है, कृपया छात्रवृत्ति पोर्टल में सत्र 2025–26 में छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदनों का निरन्तर नियमानुसार परीक्षण करते हुये निर्धारित समयावधी में स्वीकृत कर डिसबर्स हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेगें, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समयावधी में कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

08/08/2025

अपर–कलेक्टर
जिला– राजनांदगांव

पृ0 क्रमांक/1340/ आजाक/आ.ला.पो.मै.छा./2025–26 राजनांदगांव, दिनांक 08/08/2025

प्रतिलिपिः–

1.) आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।

2.) कलेक्टर महोदय, जिला राजनांदगांव की ओर सादर सूचनार्थ।

2.) जिला अग्रणी महाविद्यालय (शास.दिग्विजय महाविद्यालय) राजनांदगांव की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

08/08/2025

अपर–कलेक्टर

जिला– राजनांदगांव